# *Delhi Public School, Howrah*

**PERIODIC ASSESSMENT-I (2024-2025)**

**Class-VII**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**SUBJECT: HINDI (2ND LANGUAGE)**

**अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट** **कुल अंक- 40**

**सामान्य निर्देश :-**

**I. इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।**

**II.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**III. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।**

---

**(खंड-क, अपठित गद्यांश)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x5=5)**

**भारत का अपना प्राचीन इतिहास है। इस इतिहास की जानकारी विदेशी यात्रियों की यात्रा के वृत्तांत से भी ज्ञात हुई है। फाहियान एक चीनी यात्री था जो भारत भ्रमण के लिए आया था। उसकी यात्रा के वृत्तांत से प्राचीन भारत के इतिहास की बहुत बातें मालूम होती है। फाहियान की यात्रा का उद्देश्य था बौद्ध तीर्थ स्थानों के दर्शन करना और बौद्ध धर्म की पुस्तकों का संग्रह करना। चीन से भारत आते समय फाहियान और उसके साथियों को मार्ग में कई कष्ट झेलने पड़े। पथ अनजाना था। कोसों पानी का नाम नहीं था। सूर्य अपने प्रचण्ड ताप से तप रहा था। प्यास और गरमी के मारे सबके कंठ सूखने लगे। कुछ यात्री घबरा गए और आगे बढ़ने का विचार छोड़ने लगे। फाहियान अपनी धुन का पक्का था। वह अपनी भारत यात्रा पूरी करने के विचार पर अटल था। जहाँ चाह वहाँ राह। भूलते भटकते 'लाप' झील के रास्ते से वह भारत पहुँचा। यहाँ उसने बौद्ध तीर्थ स्थानों के दर्शन किये। वह चीन लौटते समय अपने साथ बौद्ध धर्म की बहुत सी पुस्तकें और मूर्तियाँ इकट्ठी करके ले गया।**

(क) विदेशी यात्रियों की यात्रा का वृत्तांत इतिहास लिखने वालों के लिए क्यों उपयोगी है?

(ख) फाहियान और उसके साथियों को मार्ग में क्या-क्या कष्ट झेलने पड़े? उन कष्टों का उल्लेख करें।

(ग) फाहियान किस लक्ष्य से भारत आया था?

(घ) फाहियान अपने उद्देश्य में कैसे सफल हुआ?

**(ङ) दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।**

**(I) फाहियान कौन था?**

(i) जापानी यात्री (ii) रूसी यात्री

(iii) चीनी यात्री (iv) बर्मी यात्री

**(II) सूर्य शब्द का पर्यायवाची होगा।**

(i) दिनकर (ii) रवि

(iii) अंबर (iv) विकल्प I और II दोनों

**(खंड-ख, व्याकरण)**

**प्रश्न 2. निर्देशानुसार <u>काल</u> पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**I. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए।** **1X3=3**

| **सूची I** (वाक्य) | **सूची II** (काल के भेद) |
|---|---|
| **A** माँ ने स्वादिष्ट खाना बनाया है। | **1** संदिग्ध भूत |
| **B** चित्रकार चित्र बना रहा था। | **2** सामान्य भूत |
| **C** किसान खेत में बीज डाल चुका होगा। | **3** आसान्न भूत |
| **D** मैंने अपना काम कर लिया। | **4** अपूर्ण भूत |

**कूट**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (क) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (ख) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (ग) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (घ) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**(II) "मेहमान भोजन कर रहे हैं।"-** इस वाक्य में **वर्तमान काल** का कौन-सा भेद है?

(i) सामान्य वर्तमान

(ii) अपूर्ण वर्तमान

(iii) संदिग्ध वर्तमान

(III) दिए गए वाक्यों में **संभाव्य भविष्यत् काल** का उदाहरण है-

(i) कल विद्यालय बंद रहेगा।

(ii) शायद मैं गाँव घूमने जाऊँ।

(iii) नीतू की परीक्षा हो रही होगी।

**प्रश्न 3. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए।** **(1x2=2)**

(क) अतिथि

(ख) ध्वज

**प्रश्न 4. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** **(0.5x4=2)**

(क) अनुराग (ख) उपकार

(ग) गृहस्थ (घ) निरर्थक

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार <u>क्रिया</u> पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(1X1=1)**

I. **सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए।**

| **सूची I** (वाक्य) | **सूची II** (क्रिया के भेद) |
|---|---|
| **A** मैं अभी पढ़कर उठा हूँ। | **1** नामधातु क्रिया |
| **B** आयुष रोज सुबह टहलने जाया करता है। | **2** पूर्वकालिक क्रिया |
| **C** दोनों सहेलियाँ देर तक बतियाती रहीं। | **3** संयुक्त क्रिया |

**कूट**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 1 | 2 | 3 | (ख) | 3 | 1 | 2 |
| (ग) | 3 | 2 | 1 | (घ) | 2 | 3 | 1 |

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार वाक्य बदलिए।** **(1x2=2)**

(क) बच्चे पढ़ते हैं। **('शिक्षक' लगाकर प्रेरणार्थक क्रिया में बदलिए।)**

(ख) हलवाई मिठाई देता है। **('द्विकर्मक' क्रिया में बदलिए।)**

**(खंड-ग, पाठयपुस्तक)**

**प्रश्न 7. दिए गए पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1x3=3)**

**"नीड़ न दो, चाहे टहनी का**
**आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो,**
**लेकिन पंख दिए हैं तो**
**आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।"**

**(क) उपर्युक्त पद्यांश में पक्षियों की क्या चाहत है?**

(i) उड़ने हेतु पिंजरा खोलने की (ii) उड़ान में विघ्न न डालने की

(iii) आश्रय छिन्न जाने की (iv) घोंसला टूट जाने की।

**(ख) घोंसला न मिलने पर भी पक्षी कैसे खुश रहेंगे?**

(i) पेड़ों पर रह कर (ii) ऊँची उड़ान भरकर

(iii) नए घोंसले बनाकर (iv) खूब खा-पीकर

**(ग) पक्षी मनुष्य से क्या याचना करते हैं?**

(i) उनका घोंसला न तोड़ा जाए।

(ii) उन्हें स्वतंत्र रूप से उड़ने दो, उनकी उड़ान में किसी प्रकार की बाधा न डालो।

(iii) उन्हें नीम के पेड़ की निबौरियाँ खाने हेतु दी जाए।

(iv) उन्हें मुक्त कर दिया जाए।

**प्रश्न 8. दिए गए पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x3=3)**

**"जाने, बुड्ढा हिमालय अपनी इन नटखट बेटियों के लिए कितना सिर धुनता होगा! बड़ी-बड़ी चोटियों से जाकर पूछिए तो उत्तर में विराट मौन के सिवाय उनके पास और रखा ही क्या है?"**

**(क) लेखक ने नदियों और हिमालय का क्या रिश्ता बताया है?**

(i) पिता-पुत्र का

(ii) पिता-पुत्री का

(iii) ससुर-बहू का

(iv) कोई अन्य।

**(ख) 'उत्तर में विराट मौन' से क्या तात्पर्य है?**

(i) उत्तर दिशा में हलचल होना

(ii) नदियों के निकल जाने के बाद उत्तर दिशा का मौन होना

(iii) उत्तर में अंधकार छाना

(iv) उत्तर का बड़ा स्वरूप

**(ग) लेखक के अनुसार हिमालय सिर क्यों धुनता है?**

(i) बेटियों के साथ रहने के लिए सोचता है।

(ii) नटखट बेटियों के साथ खेलना चाहता है।

(iii) बेटियों के बिछुड़ने पर पछताता है और उससे बिछड़ने का दुख सह नहीं पाता।

(iv) बेटियों की वापसी चाहता है।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (30-35) शब्दों में दीजिए। (2x4=8)**

(क) लेखक नदियों को किन-किन रूप में देखते हैं? 'हिमालय की बेटियाँ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) पहाड़ों से निकलते समय और मैदानी इलाकों में आकर नदियों के स्वभाव में क्या-क्या असमानताएँ आपको दिखाई दी? तर्क सहित अपने शब्दों में उत्तर दीजिए।

(ग) लेखक ने हिमालय को 'दयालु' और समुद्र को 'सौभाग्यशाली' क्यों कहा है?

(घ) **'हम पंछी उन्मुक्त गगन के'** कविता के माध्यम से कवि ने पक्षियों की कौन-कौन सी भावनाएँ और इच्छाएँ प्रकट की हैं?

(ङ) पक्षियों को पिंजरे में घुटन क्यों महसूस होती है?

**(बाल महाभारत)**

**प्रश्न 10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर (25-30) शब्दों में दीजिए।**

**(2x3=6)**

(क) राजा शांतनु को गंगा ने अपना और देवव्रत का परिचय किस प्रकार दिया?

(ख) अंबा ने भीष्म से बदला किस प्रकार लिया?

(ग) भीम को मारने की दुर्योधन ने क्या योजना बनाई?

(घ) पांडवों को वाराणावत भेजने में दुर्योधन की क्या योजना थी?

**(खंड-घ, रचनात्मक लेखन)** **(5x1=5)**

**प्रश्न 11.** अपने पिताजी को **पत्र** लिखकर इस बात की अनुमति माँगिए कि आप अपने विद्यालय के छात्रों के साथ पंद्रह दिनों के लिए समाज-सेवा के लिए बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में जाना चाहते हैं।

(शब्द-सीमा 100-110) (प्रारूप-1.5, विषयवस्तु-2, भाषा-1.5)

**अथवा**

**'स्मार्ट क्लास की उपयोगिता'** विषय पर 100-110 शब्दों में **अनुच्छेद** लिखिए।

(भूमिका-1, विषयवस्तु-3, भाषा-1)

संकेत बिंदुः

- विद्यार्थियों की अधिक सक्रियता
- विषयवस्तु की समझ
- कम समय में अधिक जानकारी
- विद्यार्थियों पर प्रभाव और लाभ

---